**JALAUN POLICE**

**दिनांक – 10.08.2025**

**श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक जनपद जालौन के कुशल पर्यवेक्षण में साइबर क्राइम थाना जनपद जालौन पुलिस टीम द्वारा 201 अदद गुमशुदा मोबाइल (अनुमानित कीमत करीब 40,00,000/-रूपये) को किया गया बरामद, मोबाइल पाकर मोबाइल स्वामियों के खिले चेहरे।**

अवगत कराना है कि आवेदकों के द्वारा गुमशुदा मोबाइलों के सम्बंध में साइबर क्राइम थाना जनपद जालौन को प्रार्थना पत्र दिये गये थे। प्रार्थना पत्रों के आधार पर साइबर क्राइम थाना जनपद जालौन पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए भिन्न-भिन्न थाना क्षेत्रों से आवेदको के गुम हुये 201 अदद मोबाइल (अनुमानित कीमत लगभग **40,00,000/-**रूपये) बरामद किये गये है। उक्त के सम्बन्ध में आज दिनांक 10.08.2025 को पुलिस अधीक्षक जनपद जालौन द्वारा उपरोक्त बरामद मोबाइलों को उनके स्वामियों को वितरित किये गये । मोबाइल पाकर मोबाइल स्वामियों के खिले चेहरे तथा मोबाइल स्वामियो द्वारा जनपद जालौन पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

**बरामदगी विवरण-**

1. 201 अदद मोबाइल फोन (कीमत लगभग **40,00,000/-**रूपये)

**मोबाइलों को बरामद करने वाली टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना मय टीम

**-: ऑनलाइन / साइबर फ्रॉड हेतु:-**

**टोलफ्री नम्बर 1930/112**

Email- cybercrime.jl-up@gov.in

मोबाइलनम्बर:- 7839860021